एमपी के 30 बिज़नेस लीडर्स को नवाज़ा एक्सीलेंस अवॉर्ड से

माय एफएम आइकॉन ऑफ इंदौर अवॉर्ड सेरेमनी बुधवार को हुई, जल्द लॉन्च होगी कॉफी टेबल बुक

30 कैटेगरीज में प्रदेश के लीडिंग बिजनेसमेन को आइकॉन ऑफ इंदौर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

सिटी रिपोर्टर | इंदौर

अपने ब्रैंड से शहर ही नहीं प्रदेश की पहचान बन चुके यंग आंत्रप्रेन्योर्स को माय एफएम ने एक्सीलेंस अवार्ड-2018 से सम्मानित किया। बुधवार को होटल रेडीसन ब्लू में हुई इस अवॉर्ड सेरेमनी में अलग-अलग कैटेगरीज में प्रदेश के 30 बिजनेस लीडर्स का अवॉर्ड दिया गया। जल्द ही माय एफएम की पहली कॉफी टेबल बुक रिलीज की जाएगी। इसमें इन सभी आंत्रप्रेन्योर्स की सक्सेस स्टोरीज पब्लिश की जाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईडीए अध्यक्ष शंकर लालवानी ने सभी बिजनेस लीडर्स को बधाई देते हुए कहा 'आपकी कहानियों से यंग स्टार्टअप्स को मोटिवेशन मिलेगा। माय एफएम का प्रयास सराहनीय है।